प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

**********************

रांची के हिंदपीढ़ी स्थित आदिवासी मैदान में आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग और मेडिकल  कोचिंग संस्थान का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संस्थान का उद्घाटन किया। इस कोचिंग संस्थान का संचालन कल्याण विभाग की देखरेख में किया जाएगा। पहले चरण में संस्थान के लिए तीन सौ विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिनमें राज्य के विभिन्न बोर्डों से आने वाले छात्र शामिल हैं। कक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी कोटा स्थित मोशन संस्थान को सौंपी गई है।

**********************

सिमडेगा जिले में जी राम जी योजना को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। मजदूरों का मानना है कि अब 125 दिन का रोजगार मिलने से उनकी आय में वृद्धि होगी। साथ ही, ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान दिए जाने से गांवों की तस्वीर बदलेगी और पूरा जिला विकसित होगा।

**********************

15वें वित्त आयोग की अनुशंसा पर देवघर जिले में बयालीस नए स्वास्थ्य उप–केंद्रों के निर्माण के लिए  3 करोड़ चौवन लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। सांसद निशिकांत दुबे ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण पहल बताया है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, समयबद्ध और बेहतर होंगी।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने चौकीदार नियुक्ति पर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि उम्मीदवार का उसी कार्यक्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य नहीं है, जहां नियुक्ति होनी है। अदालत ने गिरिडीह के पवन कुमार राय की याचिका पर सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन के उस निर्णय को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें संबंधित बीट का निवासी न होने पर अयोग्य ठहराया गया था।

**********************

गढ़वा जिले में झारखण्ड राज्य मिलेट योजना के तहत मडुआ फसल के उत्पादन को बढ़ाने के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

राष्ट्रीय महिला आयोग ने युवा शोध फैलोशिप कार्यक्रम–शक्ति फैलोशिप की शुरुआत की है। इसमें भारत में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर शोध के लिए युवा छात्रों और शोधकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक रिपोर्ट

**********************

सरायकेला–चाईबासा मुख्य मार्ग पर थोलको गांव के पास आज सुबह ट्रक और कार की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनियंत्रित ट्रक ने कार को सीधी टक्कर मारी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**********************

गिरिडीह के मुफस्सिल क्षेत्र में छेड़खानी का विरोध करने पर एक महिला दुकानदार पर खौलता तेल डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**********************

चतरा के कौलेश्वरी पर्वत पर इन दिनों विदेशी बौद्ध सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नव वर्ष के अवसर पर बौद्ध धर्मावलंबी यहाँ जिस्सू रूमा परंपरा के तहत जीवित रहते हुए अपना अंतिम संस्कार कराने पहुँच रहे हैं। यह पर्वत जैन, बौद्ध और सनातन धर्म का संगम स्थल है।

*********समाप्त*********